अंतर्राष्ट्रीय रोड शो: उत्तराखंड ने किये 9000 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू

चर्चा में क्यों?

- 26-27 सितंबर, 2023 को उत्तराखंड सरकार ने दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिये अंतर्राष्ट्रीय रोड शो के तहत लंदन और बर्मिंघम में दो दिन के रोड शो में निवेशकों के साथ 9000 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू किया है।

प्रमुख बिंदु

- 27 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय रोड शो के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में 7000 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू किया गया, जबकि पहले दिन 2000 करोड़ रुपए का एमओयू हुआ था।
- एमओयू के लिये आयोजित बैठक में शिक्षा, पर्यटन, आईटी और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न 80 उद्योग घरानों ने भाग लिया।
- औद्योगिक समूह कयान जेट के साथ दो अलग-अलग एमओयू में 4500 करोड़ रुपए और ऊषा ब्रेको के साथ 1000 करोड़ रुपए, बर्मिंघम में अलग-अलग कंपनियों के साथ 1500 करोड़ रुपए के एमओयू शामिल हैं।
- कयान जेट केबल कार प्रोजेक्ट में निवेश करेगा, साथ ही औली, दयारा बुग्याल और मुनस्यारी में स्की रिसॉर्ट विकसित करने पर भी सहमति बनी है। ऊषा ब्रेको लिमिटेड हरिद्वार और अन्य जनपदों में रोपवे में निवेश करेगी।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन डेस्टीनेशन बनाने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य में वेलनेस और ग्रामीण पर्यटन में कई संभावनाएँ हैं।
- ऋषिकेश योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी के रूप में जाना जाता है। यूरोप से लेकर अन्य देशों के पर्यटक हर साल बड़ी तादात में योग अध्यात्म के लिये राज्य में आते हैं। सरकार विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिये निवेशकों से बात कर रही है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-road-show-uttarakhand-signs-mou-on-investment-of-rs-9000-crore